
# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## ई–न्यूज़लैटर

**जून 2020**



भादूविप्रा ने ''कोविड–19: एशिया–पसिफिक का प्रत्युत्तर'' पर 18.05.2020 को आयोजित पहली एशिया पसिफिक टेलीकम्युनिटी वेब डायलॉग में हिस्सा लिया

# 1. सिफारिशें

**1.1** 'फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवाओं के लिए पर्याप्त नंबरिंग रिसोर्सेज सुनिश्चित करना'' पर दिनांक 29 मई 2020 को सिफारिशें जारी की गई।

दूरसंचार विभाग से दिनांक 8 मई 2019 का एक पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें राष्ट्रीय डिजिटल दूरसंचार नीति 2018 की कार्यनीतियों पर सिफारिशें प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था, जिसमें अन्य के साथ–साथ 'फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवाओं के लिए एकीकृत नंबरिंग प्लान का विकास करके पर्याप्त नंबरिंग रिसोर्सेज सुनिश्चित करना'' शामिल है।

भादूविप्रा द्वारा तदनुसार, 'फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवाओं के लिए एकीकृत नंबरिंग प्लान का विकास करना' पर एक परामर्श पत्र 20 सितंबर 2019 को जारी किया गया था, जिसके द्वारा हितधारकों की राय/टिप्पणियां मांगी गई थी। इस संबंध में, भादूविप्रा, नई दिल्ली में 16 जनवरी, 2020 को एक खुला मंच चर्चा (ओएचडी) भी आयोजित की गई थी।

हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों/सूचनाओं और ओएचडी में हुई चर्चा एवं खुद के विश्लेषण के आधार पर, भादूविप्रा ने 'फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवाओं के लिए पर्याप्त नंबरिंग रिसोर्सेज सुनिश्चित करना' पर अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दिया। पूर्ण सिफारिशें नीचे दिए लिंक के माध्यम से देखी जा सकती हैं:

**https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendations_29052020.pdf**

**1.2** ''डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत प्लेटफॉर्म सेवाएं'' पर 26 मई 2020 को सिफारिशें जारी की गई।

भादूविप्रा को दिनांक 13.11.2019 के ''डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत प्लेटफॉर्म सेवाएं'' पर भादूविप्रा की सिफारिशों पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का दिनांक 13 मई, 2020 का एक पत्र प्राप्त हुआ है। इसके जवाब में भादूविप्रा ने अपनी पिछली सिफारिशों को दोहराते हुए दिनांक 26 मई, 2020 को ''डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत प्लेटफॉर्म सेवाएं'' पर अपनी सिफारिशें अग्रेषित की हैं।

https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendation_backreference_26052020.PDF

Newsletter

# 2. खुला मंच चर्चा

**2.1** ''ड्राफ्ट दूरसंचार टैरिफ (65वां संशोधन) आदेश 2020'' पर दिनांक 6 मई 2020 की पहली ऑनलाइन खुला मंच चर्चा (ओएचडी)।

भादूविप्रा ने 5 मई 2020 को नई दिल्ली में ''ड्राफ्ट दूरसंचार टैरिफ (65वां संशोधन) आदेश 2020'' पर विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पहली ऑनलाइन खुला मंच चर्चा का आयोजन किया।





**2.2** ''वाणिज्यिक वीसेट सीयूजी सेवा प्राधिकार के तहत वीसेट के माध्यम से वाया सेटेलाइट सेलुलर बैकहॉल कनेक्टीविटी का प्रावधान'' से संबंधित परामर्श पत्र पर ओएचडी।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने ''वाणिज्यिक वीसेट सीयूजी सेवा प्राधिकार के तहत वीसेट के माध्यम से वाया सेटेलाइट सेलुलर बैकहॉल कनेक्टीविटी का प्रावधान'' से संबंधित परामर्श पत्र पर वीडियो कान्फ्रेंशिंग के माध्यम से 20 मई 2020 को एक खुला मंच चर्चा का आयोजन किया।

संबंधित हितधारकों की मूल्यवान टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए 20 मई, 2020 को ओएचडी का आयोजन किया गया। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, उद्योग संघों, प्रौद्योगिकी कंपनियों सहित बड़ी संख्या में हितधारकों ने इस खुला मंच चर्चा में भाग लिया। कोविड महामारी के दौरान वीडियो कान्फ्रेंशिंग के माध्यम से ओएचडी आयोजित करने के लिए शानदार प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं।






## 3. परामर्श पत्र

**3.1** भादूविप्रा ने ''अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल रोमिंग सेवाएं विनियम'' पर 26 मई, 2020 को एक परामर्श पत्र जारी किया।

गतिशील टैरिफ नीतियां दूरसंचार क्षेत्र की विशेषता है, जो विभिन्न टैरिफ योजनाओं, टैरिफ में बदलाव की आवृति, बंडल्ड प्रस्ताव आदि में प्रदर्शित होती है। हालांकि एक ओर यह गतिशीलता प्रत्येक उपभोक्ता की जरूरतों के अनुरूप नए उत्पाद की पेशकश करने के लिए जिम्मेदार है, वहीं दूसरी ओर ये टैरिफ की शर्तों के बारे में गलत समझ या जागरूकता की कमी के कारण उपभोक्ताओं के लिए बढ़े हुए बिल का कारण बन सकते हैं। यह सभी दूरसंचार सेवाओं विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल रोमिंग सेवाओं (आईएमआर सेवाएं) के लिए सच है। अन्य विकल्पों की तुलना में आईएमआर सेवा की विशिष्टता घरेलू ऑपरेटर की मोनोपॉली को प्रदर्शित करता है और मोनोपॉली शक्ति के किसी संभावित दुरुपयोग के लिए चिंता उत्पन्न करती है, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता के लिए प्रतिकूल नतीजे हो सकते हैं, चाहे ये अनुचित टैरिफ (उच्च दरें और उपयोग की प्रतिकूल शर्तों सहित) के रूप में या बढ़े हुए बिल के कारक टैरिफ के संचार में पारदर्शिता की सामान्य कमी के रूप में हो सकते हैं। भादूविप्रा को आईएमआर सेवाओं के उपयोग के कारण बढ़े हुए बिल के संबंध में एकल उपभोक्ताओं से बीच–बीच में शिकायतें मिलती रहती हैं।

तदनुसार, आईएमआर सेवाओं से संबंधित विनियामक फ्रेमवर्क की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। परामर्श का मकसद आईएमआर सेवाओं का उपयोग करने पर उपभोक्ताओं के बढ़े हुए बिल के कारकों का पता लगाना, इस समस्या से निपटने में मौजूदा विनियामक फ्रेमवर्क की पर्याप्तता का मूल्यांकन करना, अपने उपभोक्ताओं के बढ़े बिलों के मामलों को रोकने के लिए भारत में टीएसपी द्वारा अपनाई गई स्वैच्छिक नीतियों तथा उपायों का मूल्यांकन करना और विनियामक फ्रेमवर्क की पुनरीक्षा की आवश्यकता और विनियामक फ्रेमवर्क में उचित बदलाव करना है।

परामर्श प्रक्रिया के भाग के रूप में, भादूविप्रा की वेबसाइट पर परामर्श पत्र अपलोड किया गया है। हितधारकों से परामर्श पत्र पर टिप्पणियां 23 जून, 2020 तक और प्रति–टिप्पणियां, यदि कोई हों, 7 जुलाई, 2020 तक देने का अनुरोध किया गया है।

https://trai.gov.in/sites/default/files/CP_26052020.pdf

# 4. अन्य सूचना

**4.1** 29 फरवरी 2020 को दूरसंचार सब्सक्रिप्शन के आंकड़ें।

| विवरण | वायरलैस | वायरलाइन | योग (वायरलैस+वायर लाइन) |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में) | 643.24 | 17.98 | 661.23 |
| ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में) | 517.34 | 2.28 | 519.62 |
| कुल टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में) | 1160.59 | 20.26 | 1180.84 |
| समग्र टेली–घनत्व (%) | 86.15 | 1.50 | 87.66 |
| शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 55.42% | 88.76% | 56.00% |
| ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 44.58% | 11.24% | 44.00% |
| ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में) | 662.04 | 19.07 | 681.11 |

फरवरी 2020 में पीक वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या 986.42 मिलियन थी।

फरवरी 2020 के दौरान, 6.18 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी के लिए अनुरोध किए। एमएनपी सुविधा शुरू होने से लेकर फरवरी 2020 के अंत तक कुल 481.58 मिलियन उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं।

**4.2** भादूविप्रा ने 26 मई, 2020 को डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली (डीएएस) की लेखापरीक्षा करने के लिए लेखापरीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की है।

इस न्यूजलैटर में उल्लिखित निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सब्सक्रिप्शन के आंकड़ों आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट ***www.trai.gov.in*** पर भी उपलब्ध है।

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (पुराना मिंटो रोड़) नई दिल्ली–110002

हम फेसबुक पर भी हैं! आइये हमारे साथ!

***https://www.facebook.com/TRAI/***

हम ट्विटर पर भी हैं! आइये हमारे साथ! ***TRAI@TRAI***

Newsletter